सत्यमेव जयते

**असंशोधित**

# बिहार विधान–सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

## 26 जुलाई, 2021

सप्तदश विधान सभा — सोमवार, तिथि 26 जुलाई, 2021 ई0

तृतीय सत्र — 04 श्रावण, 1943 (शक)

(कार्यवाही प्रारंभ होने का समय - 11:00 बजे पूर्वाह्न)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

## प्रारम्भिक कार्य

अध्यक्ष : सभा की कार्यवाही प्रारंभ की जाती है ।

श्री सत्यदेव राम : महोदय, 23 मार्च को इस सदन में लोकतंत्र की हत्या हुई, कई माननीय सदस्यों की पिटाई हुई...

अध्यक्ष : माननीय सदस्य, बैठ जाइये ।

श्री सत्यदेव राम : आपको माफी मांगनी चाहिये । महोदय...

अध्यक्ष : आप अभी बैठ जाइये ।

## प्रारम्भिक संबोधन

माननीय सदस्यगण,

सप्तदश बिहार विधान सभा के तृतीय सत्र के शुभारंभ पर मैं आप सभी माननीय सदस्यों का हार्दिक अभिनन्दन करता हूँ । वर्तमान सत्र के दौरान वरीय सदस्य सदन की परंपरा और गरिमा को समझते हैं और हम उम्मीद करते हैं कि आप बैठ जायं और सुनें ।

वर्तमान सत्र के दौरान कुल पाँच बैठकें निर्धारित हैं जिसमें वित्तीय वर्ष 2021-22 के प्रथम अनुपूरक व्यय विवरण के व्यवस्थापन के लिए एक दिन, राजकीय विधेयक के लिए दो दिन एवं गैर सरकारी संकल्प के लिए एक दिन निर्धारित है ।

श्री सत्यदेव राम : महोदय, सदन की गरिमा को बचाने के लिए...

अध्यक्ष : आप बैठ जायं । आसन का...

श्री सत्यदेव राम : महोदय, लोकतंत्र की हत्या हुई है...

अध्यक्ष : यह सत्र छोटा होते हुए भी महत्वपूर्ण है । इसमें आप सबों की भागीदारी आवश्यक है, क्योंकि प्रदेश की समस्याओं का निवारण करने के लिए सदन में सार्थक विमर्श होना जरूरी है और यह विमर्श आप सबों की अधिक-से-अधिक संख्या में उपस्थिति होने से ही सफल हो पायेगा । बिहार की जनता ने सत्ता पक्ष एवं विपक्ष दोनों को सदन में रचनात्मक भूमिका निभाने का दायित्व दिया है । मुझे विश्वास है कि सत्र के सफल संचालन में आप सभी माननीय सदस्यों का सकारात्मक सहयोग प्राप्त होगा ।

## अध्यक्षीय घोषणा

माननीय सदस्यगण, सप्तदश बिहार विधान सभा के लोक जनशक्ति पार्टी के एकमात्र सदस्य श्री राज कुमार सिंह निर्वाचन क्षेत्र सं0- 144 (मटिहानी) द्वारा जनता दल यूनाइटेड विधायक दल में विलय किये जाने के अनुरोध पर भारत के संविधान के दसवीं अनुसूची के प्रावधानों के अधीन लोक जनशक्ति पार्टी विधायक जनता दल यूनाइटेड विधायक दल में विलय की मान्यता दिनांक- 6 अप्रील, 2021 से प्रदान कर दी गयी है । अब श्री राज कुमार सिंह, स0वि0स0 जनता दल यूनाइटेड के सदस्य हैं ।

## अध्यासी सदस्यों का मनोनयन

माननीय सदस्यगण, बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम- 12 (1) के अधीन मैं निम्न सदस्यों को सप्तदश बिहार विधान सभा के तृतीय सत्र के लिए अध्यासी सदस्य मनोनीत करता हूँ :-

1. श्री प्रेम कुमार, स0वि0स0
2. श्री नरेन्द्र नारायण यादव, स0वि0स0
3. श्री अवध विहारी चौधरी, स0वि0स0
4. श्रीमती ज्योति देवी, स0वि0स0
5. श्री मो0 आफाक आलम, स0वि0स0

## कार्य-मंत्रणा समिति का गठन

अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-219 (1) के अधीन मैं सप्तदश बिहार विधान सभा के तृतीय सत्र के लिए कार्य-मंत्रणा समिति का गठन निम्न प्रकार करता हूँ :-

| | | |
|---|---|---|
| 1. अध्यक्ष, बिहार विधान सभा | - | सभापति |
| 2. श्री नीतीश कुमार, मुख्यमंत्री | - | सदस्य |
| 3. श्री तारकिशोर प्रसाद, उप मुख्यमंत्री | - | सदस्य |
| 4. श्रीमती रेणु देवी, उप मुख्यमंत्री | - | सदस्य |
| 5. श्री विजय कुमार चौधरी, मंत्री, संसदीय कार्य | - | सदस्य |
| 6. श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, मंत्री, ऊर्जा | - | सदस्य |
| 7. श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, नेता विरोधी दल | - | सदस्य |
| 8. श्री अजीत शर्मा, स0वि0स0 | - | सदस्य |

<u>विशेष आमंत्रित सदस्य</u>

1. श्री महबूब आलम, स0वि0स0
2. श्री अखतरूल ईमान, स0वि0स0
3. श्री अनिल कुमार, स0वि0स0
4. श्री राम रतन सिंह, स0वि0स0
5. श्रीमती स्वर्णा सिंह, स0वि0स0

नियमानुसार अध्यक्ष इस समिति के सभापति एवं सभा सचिव इसके सचिव होंगे ।

<u>औपचारिक कार्य</u>

श्री महबूब आलम : महोदय, .....

अध्यक्ष : प्रभारी मंत्री, पंचायती राज विभाग ।

श्री सत्यदेव राम : महोदय, सुन लिया जाय....

श्री सम्राट चौधरी, मंत्री : अध्यक्ष महोदय,

मैं भारतीय संविधान के अनुच्छेद 213 के खंड (2) (क) के अनुसार बिहार विधान सभा के समक्ष महामहिम राज्यपाल द्वारा प्रख्यापित बिहार पंचायत राज (संशोधन) अध्यादेश, 2021 की एक प्रति सभा मेज पर रखता हूँ ।

(व्यवधान)

अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, आप पुराने सदस्य हैं, आकर बैठियेगा । नियम से बंधा है, जहां आठ ही सदस्य होंगे वहां बारह सदस्य कैसे प्रवेश करेंगे । आप पुराने सदस्य हैं, नियम की थोड़ी जानकारी प्राप्त कर लीजिए ।

श्री महबूब आलम : महोदय, बिहार की जनता के लिए यह अपमान का सवाल है...

अध्यक्ष : सभा सचिव ।

(व्यवधान)

सभा सचिव : अध्यक्ष महोदय, सप्तदश बिहार विधान सभा के द्वितीय सत्र में उद्भूत तथा बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों द्वारा यथापारित निम्न 13 (तेरह) विधेयकों का विवरण सदन पटल पर रखता हूं जिस पर महामहिम राज्यपाल द्वारा भारत के संविधान के अनुच्छेद-200 के तहत अनुमति प्रदान की गयी है :-

<u>महामहिम राज्यपाल द्वारा अनुमत विधेयक का विवरण</u>

| क्रमांक | विधेयक का नाम | अनुमति की तिथि |
|---|---|---|
| 1. | बिहार विनियोग विधेयक, 2021 | 03.03.2021 |
| 2. | बिहार विनियोग (संख्या-2) विधेयक, 2021 | 23.03.2021 |
| 3. | बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस विधेयक, 2021 | 24.03.2021 |
| 4. | बिहार राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन (संशोधन) विधेयक, 2021 | 27.03.2021 |
| 5. | बिहार विनियोग अधिकाई व्यय (1984-85) विधेयक, 2021 | 27.03.2021 |
| 6. | बिहार नगरपालिका (संशोधन) विधेयक, 2021 | 27.03.2021 |
| 7. | बिहार पंचायत राज (संशोधन) विधेयक, 2021 | 27.03.2021 |
| 8. | बिहार कराधान विवादों का समाधान विधेयक, 2021 | 27.03.2021 |
| 9. | बिहार लोकायुक्त (संशोधन) विधेयक, 2021 | 27.03.2021 |
| 10. | बिहार राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2021 | 27.03.2021 |
| 11. | बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग (संशोधन) विधेयक, 2021 | 27.03.2021 |
| 12. | पटना विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2021 | 27.03.2021 |
| 13. | बिहार राज्य उच्चत्तर शिक्षा परिषद् (संशोधन) विधेयक, 2021 | 27.03.2021 |

श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, नेता विरोधी दल: अध्यक्ष महोदय....

<u>वित्तीय कार्य</u>

अध्यक्ष: बैठ जाइये ।

प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग ।

श्री तारकिशोर प्रसाद, उप मुख्यमंत्री: अध्यक्ष महोदय, भारतीय संविधान के अनुच्छेद- 205 के अनुसरण में बिहार विनियोग (संख्या-2) अधिनियम, 2021 द्वारा स्वीकृत राशि के अलावे वर्ष 2021-22 में जो खर्च होने की संभावना है उसके संबंध में, मैं प्रथम अनुपूरक व्यय विवरण उपस्थापित करता हूँ ।

अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, आज का दिन बहुत पावन दिन है । आज सावन की प्रथम सोमवारी है । देवों के देव जगत पिता महादेव जगत प्रतिपालक हैं और उनकी पूजा-अर्चना करने पर सबको दैहिक, दैविक और भौतिक कष्टों से वे मुक्ति दिलाते हैं । आइये, हम प्रण लें कि हम अपने संयम, अनुशासन और आचरण से बिहार विधान सभा में ऐसी मिसाल पेश करें कि महादेव प्रसन्न होकर हमें बिहार के विकास की नई इबारत लिखने का आशीर्वाद दे सकें ।

माननीय सदस्यगण, मुझे आपको यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि आज कारगिल विजय दिवस भी है । हमें अपनी सेना के शौर्य और पराक्रम पर अभिमान है । हम कारगिल युद्ध में शहीद अपने जांबाजों का नमन करते हैं । मातृभूमि के लिए उनके सर्वोच्च बलिदान को देश कभी नहीं भूल सकता है । जिस तरह सेना के जवान सबकुछ भूलकर देश की सेवा में तत्पर रहते हैं, वैसे ही हमें बिहार के विकास के लिए एक सूत्र में बंध कर काम करना होगा और यही तो संसदीय लोकतंत्र की खूबसूरती भी है । आइये, लोकतंत्र के इस पवित्र मंदिर में अपने दायित्वों का सकारात्मक रूप से निर्वहन करते हुए अपनी भूमिका से जन आकांक्षाओं पर हम खरा उतरने का प्रयास करें ।

श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, नेता विरोधी दल : अध्यक्ष महोदय, दो प्रस्ताव है, हम सदन में रखना चाहते हैं तो उसकी अनुमति ...

अध्यक्ष : आप कल अपना प्रस्ताव रखिये । अब शोक प्रकाश शुरू हो जायेगा ।

श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, नेता विरोधी दल : महोदय, एक बार अपनी बात तो रखने दीजिये, प्रस्ताव तो रखने दीजिये ।

अध्यक्ष : अब इन प्रस्तावों को आप कल रखियेगा । आप भी तो पुराने सदस्य हैं, शोक प्रकाश के बाद कल मौका मिलेगा ही ।

श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, नेता विरोधी दल : महोदय, बहुत ही महत्वपूर्ण प्रस्ताव था ।

अध्यक्ष : नहीं, अब कल । आप बैठ जाइये । अगर आप पहले सूचना दे देते तो हम आपके प्रस्ताव को भी जोड़ लेते । आपकी सूचना ....

(व्यवधान)

अब सुनिये । माननीय सदस्यगण, बिना आसन की अनुमति के कोई खड़े न हों और न बोलें । आप बैठिये । आप बैठिये । नेता प्रतिपक्ष खड़े हैं आप बैठिये, थोड़ा सा सम्मान करिये ।

श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, नेता विरोधी दल : अध्यक्ष महोदय, ....

अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, हम आपको एक चीज बता देते हैं, एक तरफ हमलोग संकल्प लेते हैं, सम्मान की बात करते हैं और दूसरी तरफ सभी माननीय सदस्यों के द्वारा इस आसन में सम्मान और विश्वास व्यक्त किया गया है और इस आसन की गरिमा गिराने वाले एक सिंगल सदस्य या दो-चार सदस्यों को आसन कभी स्वीकार नहीं करेगा । जब नेता प्रतिपक्ष खड़े हैं, बोल रहे हैं तो फिर उठ गये । क्या ये सक्षम नहीं हैं अपनी बात कहने के लिए ? इनको चार लोग सपोर्ट करेंगे । हमने कहा कि ये अगर प्रस्ताव पहले से दिये रहते तो हम इनको भी अवसर देते ।

श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, नेता विरोधी दल : अध्यक्ष महोदय, बड़ा महत्वपूर्ण प्रस्ताव है, प्रस्ताव रख लेने दीजिये बाद में कल विस्तार से .....

अध्यक्ष : आप कल प्रस्ताव दीजियेगा । कल आपके प्रस्ताव को हम लोग लेंगे ।

शोक प्रकाश

माननीय सदयगण, कतिपय जननायकों के निधन की सूचना मिली है । शायद यह पहली बार होगा कि दो सत्रों के बीच की अवधि में इतनी अधिक संख्या में इस सदन के वर्तमान एवं पूर्व सदस्य की मृत्यु हुई होगी । यह काफी दु:खद है, इनके प्रति शोक प्रकट करना हमारा कर्त्तव्य है ।

टर्न-2/हेमन्त-धिरेन्द्र/26.07.2021

स्वर्गीय मेवा लाल चौधरी

बिहार विधान सभा के वर्तमान सदस्य श्री मेवा लाल चौधरी का असामयिक निधन दिनांक 19 अप्रील, 2021 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 68 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय चौधरी मुंगेर जिला के तारापुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 2015 एवं 2020 में बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे बिहार सरकार में मंत्री भी रहे थे । वे विद्वान, मिलनसार एवं मृदुभाषी व्यक्ति थे । हम उनके निधन से दु:खी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

स्वर्गीय शशि भूषण हजारी

बिहार विधान सभा के वर्तमान सदस्य श्री शशिभूषण हजारी का असामयिक निधन दिनांक 01 जुलाई, 2021 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 58 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय हजारी दरभंगा जिला के कुशेश्वर स्थान निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 2010, 2015 एवं 2020 में बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे मिलनसार, मृदुभाषी एवं कर्मठ व्यक्ति थे । हम उनके निधन से दु:खी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

स्वर्गीय हरि नारायण चौधरी

बिहार विधान परिषद् के वर्तमान सदस्य श्री हरि नारायण चौधरी का निधन दिनांक 30 अप्रील, 2021 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 77 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय चौधरी समस्तीपुर स्थानीय प्राधिकार निर्वाचन क्षेत्र से 19 जुलाई, 2003 से 16 जुलाई, 2009 तक एवं 17 जुलाई, 2015 से 30 अप्रील, 2021 तक बिहार विधान परिषद् के सदस्य रहे थे । वे मिलनसार एवं मृदुभाषी व्यक्ति थे । हम उनके निधन से दु:खी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

स्वर्गीय तनवीर अख्तर

बिहार विधान परिषद् के वर्तमान सदस्य श्री तनवीर अख्तर का असामयिक निधन दिनांक 08 मई, 2021 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 58 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय अख्तर बिहार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से 22 जुलाई, 2016 से 08 मई, 2021 तक बिहार विधान परिषद् के सदस्य रहे थे । वे मिलनसार एवं मृदुभाषी व्यक्ति थे । हम उनके निधन से दु:खी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

स्वर्गीय मोहम्मद वली रहमानी

बिहार विधान परिषद् के पूर्व सदस्य मोहम्मद वली रहमानी का निधन दिनांक 03, अप्रील, 2021 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 78 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय रहमानी वर्ष 1974, 1980, 1984 एवं 1996 में बिहार विधान परिषद् के सदस्य रहे थे । वे वर्ष 1985 में कार्यकारी सभापति एवं 1990 में उप सभापति रहे थे । वे आध्यात्मिक व्यक्ति थे । हमेशा अध्यापन कार्य से जुड़े एक प्रख्यात शिक्षाविद् भी थे । वे मिलनसार एवं मृदुभाषी व्यक्ति थे । हम उनके निधन से दु:खी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

स्वर्गीय बन्दी उराँव

बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य श्री बन्दी उराँव का निधन दिनांक 05, अप्रील, 2021 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 90 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय उरॉव गुमला जिला के सिसई विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1980, 1985 एवं 2000 में बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे बिहार सरकार में मंत्री भी रहे थे । वे कुशल प्रशासक एवं मृदुभाषी व्यक्ति थे । हम उनके निधन से दु:खी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

स्वर्गीय साइमन मरांडी

बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य श्री साइमन मरांडी का निधन दिनांक 13 अप्रील, 2021 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 76 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय मरांडी संथालपरगना जिला के लिटीपाड़ा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1977, 1980 एवं 1985 में बिहार विधान सभा के तथा वर्ष 1989 एवं 1991 में राजमहल लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से लोक सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे मिलनसार, मृदुभाषी एवं कर्मठ व्यक्ति थे । हम उनके निधन से दु:खी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

स्वर्गीय प्रोफेसर अरूण कुमार

बिहार विधान परिषद् के पूर्व सभापति प्रोफेसर अरूण कुमार का निधन दिनांक 14 अप्रील, 2021 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 90 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय कुमार गया सह शाहाबाद शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1970, 1974, 1980, 1986, 1987, 2005 तथा 2011 में बिहार विधान परिषद् के सदस्य रहे थे । वे वर्ष 1985 में सभापति एवं 2006 में कार्यकारी सभापति रहे थे । वे कुशल प्रशासक, निर्भीक, मधुरभाषी एवं मिलनसार राजनेता थे । हम उनके निधन से दु:खी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

स्वर्गीय निएल तिर्की

बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य श्री निएल तिर्की का निधन दिनांक 14 अप्रील, 2021 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 67 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय तिर्की राँची जिला के सिमडेगा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1995 एवं 2000 में बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे बिहार सरकार में मंत्री भी रहे थे । वे मिलनसार, मृदुभाषी एवं कर्मठ व्यक्ति थे । हम उनके निधन से दु:खी हैं।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

स्वर्गीय प्रेम नारायण गढ़वाल

बिहार विधान परिषद् के पूर्व सदस्य श्री प्रेम नारायण गढ़वाल का निधन दिनांक 21 अप्रील, 2021 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 79 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय गढ़वाल वर्ष 1972 से 1990 तक बिहार विधान परिषद् के सदस्य रहे थे । वे बिहार सरकार में मंत्री भी रहे थे । वे मिलनसार एवं मृदुभाषी थे । हम उनके निधन से दुःखी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

स्वर्गीय कुंती देवी

बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्या श्रीमती कुंती देवी का निधन दिनांक 22 अप्रील, 2021 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 59 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय कुंती देवी गया जिला के अतरी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से नवम्बर, 2005 एवं वर्ष 2015 में बिहार विधान सभा की सदस्य निर्वाचित हुईं थी । वह कर्तव्यनिष्ठ महिला थीं । हम उनके निधन से दुःखी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

स्वर्गीय जगन्नाथ प्रसाद राय

बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य श्री जगन्नाथ प्रसाद राय का निधन दिनांक 25 अप्रील, 2021 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 77 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय राय वैशाली जिला के हाजीपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1980 एवं 1990 में बिहार विधान सभा के तथा वर्ष 2003 से 2009 तक विधान परिषद् के सदस्य रहे थे । वे मृदुभाषी एवं कर्मठ व्यक्ति थे । हम उनके निधन से दुःखी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

स्वर्गीय बसंत कुमार लाल

बिहार विधान परिषद् के पूर्व सदस्य श्री बसंत कुमार लाल का निधन दिनांक 26 अप्रील, 2021 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 82 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय लाल वर्ष 1974, 1980 एवं 1987 में बिहार विधान परिषद् के सदस्य रहे थे । वे मिलनसार एवं विद्वान व्यक्ति थे । हम उनके निधन से दु:खी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

स्वर्गीय विजय कुमार सिंह

बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य श्री विजय कुमार सिंह का निधन दिनांक 27 अप्रील, 2021 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 70 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय सिंह मधेपुरा जिला के सिंहेश्वर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 2000 में बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे मृदुभाषी एवं कर्मठ व्यक्ति थे । हम उनके निधन से दु:खी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

स्वर्गीय लक्ष्मण गिलुवा

बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य श्री लक्ष्मण गिलुवा का निधन दिनांक 29 अप्रील, 2021 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 57 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय गिलुवा पश्चिम सिंहभूम जिला के चक्रधरपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1995 में बिहार विधान सभा के एवं वर्ष 1999 एवं 2014 में सिंहभूम लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से लोक सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे मिलनसार एवं मृदुभाषी व्यक्ति थे । हम उनके निधन से दु:खी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

स्वर्गीय डॉ॰ मोहम्मद शहाबुद्दीन

बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य डॉ॰ मोहम्मद शहाबुद्दीन का असामयिक निधन दिनांक 01 मई, 2021 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 54 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय शहाबुद्दीन सिवान जिला के जीरादेई विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1990 एवं 1995 में बिहार विधान सभा के तथा वर्ष 1996, 1998, 1999 एवं 2004 में सिवान लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से लोक सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे कर्मठ एवं मिलनसार व्यक्ति थे । हम उनके निधन से दु:खी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

टर्न-3/संगीता-सुरज/26.07.2021

स्वर्गीय जोरावर राम

बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य श्री जोरावर राम का निधन दिनांक 03 मई, 2021 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 78 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय राम पलामू जिला के छतरपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1977 में बिहार विधान सभा के एवं वर्ष 1989 में पलामू लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे समाजवादी विचारधारा के व्यक्ति थे । हम उनके निधन से दु:खी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

स्वर्गीय शालीग्राम यादव

बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य श्री शालीग्राम यादव का निधन दिनांक 04 मई, 2021 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 82 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय यादव मधुबनी जिला के बेनीपट्टी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1995 में एवं हरलाखी विधान सभा क्षेत्र से नवम्बर, 2005 एवं 2010 में बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे मिलनसार एवं शांत स्वभाव के व्यक्ति थे । हम उनके निधन से दु:खी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

स्वर्गीय भरत सिंह

बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य श्री भरत सिंह का निधन दिनांक 06 मई, 2021 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 74 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय सिंह वैशाली जिला के लालगंज विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1985 में बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे मिलनसार एवं कर्मठ व्यक्ति थे । हम उनके निधन से दु:खी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

स्वर्गीय शिवेन्द्र प्रसाद सिंह

बिहार विधान परिषद् के पूर्व सदस्य श्री शिवेन्द्र प्रसाद सिंह का निधन दिनांक 09 मई, 2021 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 81 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय सिंह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1978 से 1984 तक बिहार विधान परिषद् के सदस्य रहे थे । वे मृदुभाषी एवं मिलनसार व्यक्ति थे । हम उनके निधन से दु:खी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

स्वर्गीय राम कृष्ण यादव

बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य श्री राम कृष्ण यादव का निधन दिनांक 11 मई, 2021 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 95 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय यादव मधेपुरा जिला के कुमारखंड विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1969 में बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे समाजवादी विचारधारा के व्यक्ति थे । हम उनके निधन से दु:खी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

स्वर्गीय अकील हैदर

बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य श्री अकील हैदर का निधन दिनांक 11 मई, 2021 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 75 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय हैदर पटना जिला के पटना सेन्ट्रल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1985 में बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे मृदुभाषी एवं मिलनसार व्यक्ति थे । हम उनके निधन से दु:खी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

स्वर्गीय राम चन्द्र सिंह

बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य श्री राम चन्द्र सिंह का निधन दिनांक 11 मई, 2021 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 71 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय सिंह औरंगाबाद जिला के रफीगंज विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1995 में बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे मिलनसार एवं मृदुभाषी व्यक्ति थे । हम उनके निधन से दु:खी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

स्वर्गीय प्रोफेसर राघव प्रसाद

बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य प्रोफेसर राघव प्रसाद का निधन दिनांक 12 मई, 2021 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 89 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय प्रसाद सिवान जिला के जीरादेई विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1980 में बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे मृदुभाषी एवं मिलनसार व्यक्ति थे । हम उनके निधन से दु:खी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

स्वर्गीय राम विचार राय

बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य श्री राम विचार राय का निधन दिनांक 12 मई, 2021 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 67 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय राय मुजफ्फरपुर जिला के साहेबगंज विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1990, 1995, 2000 एवं 2015 में बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे बिहार सरकार में मंत्री भी रहे थे । वे नेकदिल एवं मृदुभाषी व्यक्ति थे । हम उनके निधन से दु:खी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

स्वर्गीय डॉ0 रमेन्द्र कुमार यादव "रवि"

बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य डॉ0 रमेन्द्र कुमार यादव "रवि" का निधन दिनांक 14 मई, 2021 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 78 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय रवि मधेपुरा जिला के सिंहेश्वर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1981 एवं 1985 में बिहार विधान सभा के एवं वर्ष 1989 में मधेपुरा लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे वर्ष 1992 से 2004 तक राज्य सभा के सदस्य भी रहे थे । वे मृदुभाषी एवं विद्वान व्यक्ति थे । हम उनके निधन से दुःखी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

स्वर्गीय रघुनन्दन लाल भाटिया

बिहार के पूर्व राज्यपाल श्री रघुनन्दन लाल भाटिया का निधन दिनांक 15 मई, 2021 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 100 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय भाटिया 10 जुलाई, 2008 से 28 जून, 2009 तक बिहार के राज्यपाल रहे थे । वे एक कुशल राजनेता थे । उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक जीवन में अपूरणीय क्षति हुई है । हम उनके निधन से दुःखी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

स्वर्गीय विजय सिंह यादव

बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य श्री विजय सिंह यादव का निधन दिनांक 16 मई, 2021 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 68 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय सिंह पटना जिला के दानापुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1996 में बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे वर्ष 2000 से 2006 तक राज्य सभा के सदस्य भी रहे थे । वे मिलनसार एवं कर्मठ व्यक्ति थे । हम उनके निधन से दुःखी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

स्वर्गीय जगन्नाथ पहाड़िया

बिहार के पूर्व राज्यपाल श्री जगन्नाथ पहाड़िया का निधन दिनांक 19 मई, 2021 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 89 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय पहाड़िया 03 मार्च, 1989 से 02 फरवरी, 1990 तक बिहार के राज्यपाल रहे थे । वे बेहद मृदुभाषी, मिलनसार एवं लोकप्रिय व्यक्ति थे । उन्होंने लंबे समय तक मुख्यमंत्री, राज्यपाल एवं केंद्रीय मंत्री के रूप में देश की सेवा की थी ।

उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है । हम उनके निधन से दु:खी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

स्वर्गीय सूर्य देव राय

बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य श्री सूर्य देव राय का निधन दिनांक 20 मई, 2021 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 80 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय राय सीतामढ़ी जिला के बथनाहा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1977, 1980, 1990, 1995 एवं 2000 में बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे बिहार सरकार में मंत्री भी रहे थे । वे समाजवादी विचारधारा के व्यक्ति थे । हम उनके निधन से दु:खी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

स्वर्गीय इन्द्रा नन्द यादव

बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य श्री इन्द्रा नन्द यादव का निधन दिनांक 22 मई, 2021 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 79 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय यादव अररिया जिला के नरपतगंज विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1985 में बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे मृदुभाषी एवं कर्मठ व्यक्ति थे । हम उनके निधन से दु:खी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

स्वर्गीय रामेश्वर प्रसाद यादव

बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य श्री रामेश्वर प्रसाद यादव का निधन दिनांक 01 जून, 2021 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 80 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय यादव मधेपुरा जिला के सिंहेश्वर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से मार्च, 2005 एवं नवम्बर, 2005 में बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे मिलनसार एवं मृदुभाषी व्यक्ति थे । हम उनके निधन से दु:खी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

टर्न-4/मुकुल-राहुल

स्वर्गीय जनार्दन मांझी

बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य श्री जनार्दन मांझी का निधन दिनांक 20 जुलाई, 2021 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 77 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय मांझी बांका जिले के बेलहर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से नवम्बर, 2005 एवं अमरपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 2010 एवं 2015 में बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे नेकदिल, मिलनसार एवं मृदुभाषी व्यक्ति थे । हम उनके निधन से दु:खी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

कोरोना काल में मृत व्यक्तियों के प्रति संवेदना

इस कोविड-19, कोरोना महामारी से राज्य एवं देश के कई लोग असमय काल कवलित हो गये । इस आपदा से होने वाली मृत्यु से पूरा सदन मर्माहत है । हमने अपने बीच के कई लोगों को खो दिया है । माननीय सदस्यगण, कोरोना की दूसरी लहर में दूसरों की जिंदगी बचाते-बचाते अपनी जिंदगी कुर्बान करने वाले बिहार के कई जाने-माने डॉ0 प्रभात कुमार, डॉ0 विनय कंठ, डॉ0 यू.पी. सिंह, डॉ0 मोहन मिश्रा, डॉ0 शांति सिंह, डॉ0 आर0के0 झा सहित 100 से अधिक चिकित्सकों को हमने खो दिया । साथ ही, हमने देश के प्रख्यात डॉ0 के0के0 अग्रवाल को भी खो दिया । इससे चिकित्सा जगत को अपूरणीय क्षति हुई है । दुख की इस घड़ी में हमारी पूरी संवेदना पूरे सदन की ओर से पीड़ित परिवारों के साथ है । ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे और शोकाकुल परिजनों को धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करें ।

अब हमलोग एक मिनट तक मौन खड़े होकर सभी दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना करेंगे ।

(एक मिनट का मौन)

श्री अजय कुमार : अध्यक्ष महोदय, मैं कहना चाहूंगा कि इस कंडोलेंस में सभी हेल्थ वर्कर्स का नाम भी जोड़ दिया जाय ।

अध्यक्ष : सभी योद्धाओं का हमने नाम लिया है कि सभी कोरोना योद्धाओं के प्रति भी पूरे सदन की ओर से संवेदना । मैं अपनी तथा सम्पूर्ण सदन की ओर से शोक संतप्त परिवार के पास संदेश भेजवा दूंगा ।

अब सभा की बैठक, मंगलवार दिनांक 27 जुलाई, 2021 को 11:00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित की जाती है ।